| | | | |
|---|---|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**I PU MOCK PAPER- January 2026** | **Course:** | I PUC |
| | **Subject:** | Hindi |
| | **Max. Marks:** | 80 |
| | **Duration:** | 3:00 |

**सूचना:**

**1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |**

**2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है|**

**3 ) प्रश्नपत्र ‘क’, ‘ख’, ‘ग’, ‘घ’ इन चार खण्डों में विभाजित है |**

**4 ) खण्ड ‘क’ के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा |**

## खण्ड ‘क’

1. अ) **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए :** **10×1=10**

1. किसकी आँखें लाल हो गयी थी ?

   i) बेनीमाधव ii ) श्रीकंठ iii) लालबिहारी iv) भूपसिंह

2. असंभव को संभव बनानेवाली चीज क्या है ?

   i) प्रिय ii) प्रेम iii) क्रोध iv) द्रोह

3. किसने बिन्दा के पैरों पर तिल का तेल लगाया ?

   i) महादेवी वर्मा ii) रुकिया iii) महादेवी वर्मा की माँ iv) पंडिताइन चाची

4. ज्योतिष कहाँ पर बैठे थे ?

   i) सड़क पर ii) गली में iii) फुटपाथ पर iv) दुकान में

5. बेहोशी का अभिनय करने वाले लड़के का नाम लिखिए |

   i) राजेश ii) रौनक iii) रॉनित iv) रमेश

6. गोपी सिर पर क्या धारण करना चाहती है ?

   i) गजरा ii) गुलाब iii) मोर पंख iv) रजनी गंधा

7 कवि बच्चन का जीवन कैसे बीता ?

   i) सुख से ii) दुःख में iii) पश्चाताप में iv) क्रोध में

8. श्मशान किससे बातें कर रहा है ?

   i) आकाश से ii) धरती से iii) पहाड़ी से iv) बगीचे से

9.प्रभा की सगाई किनके साथ हुई ?

   i) संतू ii) मंगलसेन iii) वीरजी iv) रमेश

10.रामचंद्र कितने वर्ष का था ?

   i) २१ ii) २२ iii) २३ iv) २४

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5**

**( के, का, ने ,पर, में, से )**

11. वह मोहन –- घर है |
12. राजा दशरथ – चार पुत्र थे||
13. माता जी –- बच्चों को मिठाई दी |
14. दरवाजे –- कौन खड़ा है |
15. अलमारी –- कपड़े रखे है |

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5**

16 . i) खाक में मिलाना — i) भेद खुलना

ii) मुँह फेरना — ii) नष्ट भ्रष्ट करना

iii) नौ दो ग्यारह होना — iii) उपेक्षा करना

iv) पोल खुलना — iv) भाग जाना

v) घर का उजाला — v) इज्जत बढ़ाने वाला

**खण्ड -'ख'**

**II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2×3=6**

17. शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद क्या कहते हैं ?
18 . निंदकों के संघ के बारे में लिखिए |
19 . पत्नी की मृत्यु का डॉ.अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा ?
20 . हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है ?
21. धरती ' वसुंधरा ' क्यों कहलाती है ?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संदर्भ सष्टीकरण कीजिए : 2×3=6**

22 . पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है |
23. 'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी |'
24. वह आकर्षण है - सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का |
25. इसे भ्रम हो गया है कि यह बेहोश है |

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए : 1×2= 2**

26. तुलसीदास ने नदी और नाव का प्रयोग किस संदर्भ में किया है ?
27. मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए ?

**आ ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए: 2×2= 4**

28 . इलाहाबाद के पथ पर पत्थर तोड़नेवाली स्त्री का चित्रण कीजिए ?
29 .'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए |
30 . बच्चन जी पाठकों को क्या-क्या भेंट देते हैं ?
31 . 'मत घबराना' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए |

32 . नारी के शक्ति रूपों का वर्णन कीजिए |

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2×4=8**

33 . दुःख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोई |
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुःख काहे होय ||

**अथवा**

ज्ञान से अज्ञान दूर होता है ,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है
पारस से लोहत्व दूर होता है
आपके शरणों के अनुभाव से
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देवा |

34 . फल - फूलों से हैं लदी डालियाँ मेरी,
वे हरी पत्तलें - भरी थालियाँ मेरी,
मुनि बालायें हैं यहाँ आलियाँ मेरी |
तटीनी की लहरें और तालियाँ मेरी |

**अथवा**

"कहाँ जन्म है तेरा? 'मैंने पूछा जब प्रतिभा से,"
महलों में ? गुलगुले गलीचों पर ? गुलाब की क्यारी में ?
वृद्धों की चिंता में ? बच्चों की दंतहीन किलकारी में ?
बोलो, तुम रहती कहाँ ? जानने को हम सब हैं कितने प्यासे | "

**खण्ड -'ग '**

**V. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लिखिए :** **3×3=9**

35. शराबी को बच्चा कहाँ मिला? वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?

36. 'श्मशान' ने आह भरकर पहाड़ी से क्या कहा ?

37. वीर जी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए |

38. सिलिया की माँ ने गाँव वालों की सलाह क्यों नहीं माना ?

39. दिल्ली में शीत लहर के प्रकोप का वर्णन कीजिए |

40. बीमार प्रमोद की हालत कैसी थी ?

**खण्ड ' घ'**

**V.41. वाक्य शुद्ध कीजिए:** **3× 1 =3**

i) मैं स्कूल जाना चाहिए |

ii) वह दरवाजा खोला |

iii) सरला ने कहानी पढ़ा |

**42. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 3× 1 = 3**

i) लड़के मैदान में खेल रहे है |(भविष्यत् काल में बदलिए )

ii) उसे सम्मानित किया जाएगा | (भूतकाल में बदलिए)

iii) सीता राम के साथ वन गयी थी | (वर्तमान काल में बदलिए)

**43. अन्य लिंग रूप लिखिए : 2× 1 =2**

. i) रानी ii) जेठ

**44 . अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1=2**

i) विधि ii ) भेड़िया

**45 . समानार्थक शब्द लिखिए : 2× 1 = 2**

i) सूरज ii ) पवन

**46 . विलोम शब्द लिखिए : 2 × 1= 2**

i ) जन्म ii ) एकता

**VI.अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:3×1=3**

**47. ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य प्रकृति में छिपा कर रख दिए है | मनुष्य ने अपने परिश्रम और प्रयत्न से उन रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया | यह कहना गलत है कि मनुष्य संसार में आते समय, अपना भाग्य लेकर आता है; वास्तव में वह अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है जो वह अपनी मेहनत से बनाता है | प्रकृति मनुष्य के भाग्य से डर कर नहीं बल्कि उसके परिश्रम से हार मानती है | जो लोग भाग्य पर विश्वास करते हैं, वे आलसी हैं वास्तव में वीर और परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं बनाता है |**

**प्रश्न**:

i) ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य किसमें छिपाकर रख दिए थे ?

ii) किसने अपने परिश्रम और प्रयत्न से रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया ?

iii ) प्रकृति किससे हार मानती है ?

**48.नशीली पदार्थों से बचे रहने का निर्देश देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए: 1x4=4**

**इ)49. हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 1x4=4**

i) Books are our best friends.

ii) The sun sets in west.

iii) India is a rich cultured country.

iv) There are thousands of villages in India.